# ई-फाइल निस्तारण में तेजी लाने सहित विभागीय योजनाओं की प्रगति में गति लाने के निर्देश

**सीकर,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति, सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, ई-फाइल निस्तारण तथा मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त ऑनलाइन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। एडीएम ने विशेष रूप से ई-फाइल डिस्पोजल का समय कम करने पर बल देते हुए विद्युत विभाग सहित सभी विभागों को लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए तथा लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषक कल्याण कोष-फार्म पॉन्ड, तारबंदी योजना एवं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को खाली एवं बंद पड़े विद्यालयों की रिपोर्ट चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को भिजवाने के निर्देश दिए ताकि उन्हें चिन्हित कर वहां पर शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जा सकें। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री स्वावलंबन अभियान, अटल ज्ञान केंद्र, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, जल जीवन मिशन, अमृत

■ **साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित**

योजना एवं पंच गौरव योजना में लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रगति लाने के निर्देश दिए।

एडीएम रतन कुमार ने पंच गौरव योजना में आईईसी गतिविधियों के लिए कार्य योजना तैयार करने, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, गिव अप अभियान में सुधार लाने तथा कुसुम योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कृषक कल्याण कोष, आरोग्य मंदिर, लखपति दीदी, कृषि सखी सहित सभी फ्लैगशिप योजनाओं में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर कुमार ने मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं में की गई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कालीबाई स्कूटी योजना में उच्च शिक्षा विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने खाटूश्यामजी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थापित करने के लिए भूमि आवंटन की कार्रवाई करने तथा रैवासा धाम में पैनोरमा निर्माण के लिए भूमि आवंटन प्रस्ताव तैयार करने, सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को पाँच दिवस में निस्तारण करने एवं मुख्यमंत्री कार्यालय, मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग से प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार ने बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक में ई-श्रम पोर्टल पर मनरेगा कर्मियों, बाल वाहिनियों के चालक-परिचालक, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं का पंजीकरण करवाने के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अशोक चौधरी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, जलदाय एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग, डीटीओ ताराचंद बंजारा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**झुंझुनूं,** (निसं)। महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला प्रभारी गीता नूनियां के नेतृत्व, सोशल मीडिया प्रभारी दिव्या आबूसारिया के निर्देशन तथा समस्त कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग से मध्यकालीन अवकाश के दौरान 12 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक ऑनलाइन सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर राज्य प्रभारी सरिता गुर्जर एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता सिहाग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, ओमकार ध्वनि और ऑनलाइन माध्यम से योग प्रार्थना के साथ हुआ। शिविर के दूसरे दिन राज्य कार्यकारिणी संवाद प्रभारी पूजा नागपाल ने ऑनलाइन सत्र के माध्यम से सांस-प्रश्वास का सही उपयोग और शत-प्रतिशत स्वास्थ्य लाभ विषय पर प्रेरक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तन-मन का संतुलन बना रहता है और व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ जीवन जी सकता है। दिव्या आबूसरिया ने बताया कि महिला पतंजलि योग समिति वर्ष भर योग कक्षाएं संचालित करती है। इस विशेष शिविर में सभी योगप्रेमियों को ऑनलाइन माध्यम से निःशुल्क सहभागिता का आमंत्रण दिया गया है।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**

E-Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in Fax &Phone: 01559-222039

क्रमांक-न.पा.रा./2025-26/4331 **(शहरी सेवा शिविर-2025)** दिनांक-13/10/125

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति / कृषि भूमि नियमन / खाँचा भूमि नियमन/स्टेटग्रान्ट एक्ट / 69ए हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो वह विज्ञिप्त प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.स. | पत्रावली संख्या | आवेदक का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | पत्रावली किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30/19.09.2025 | श्री अमोद पत्नी श्री हरिराम, वार्ड नं0 08, दरवाजे के पास, राजगढ़ (चूरू) | व्यवसायिक | 25.17 वर्गमीटर | 69-क |
| 2 | 82/03.10.2025 | श्री रामसिंह पुत्र श्री दीपचन्द, वार्ड नं0-15, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 267.53 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 3 | 83/03.10.2025 | श्री रामसिंह पुत्र श्री दीपचन्द, वार्ड नं0-15, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 1069.23 वर्गमीटर | कृषि भूमि |
| 4 | 2469/03.03.2025 | श्री नौरंगराम पुत्र श्री खुब्बाराम, वार्ड नं0 15, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 45.37 वर्गमीटर | 69-क |
| 5 | 60/05.10.2025 | श्री नरेश कुमार पुत्र श्री गोविन्दराम वार्ड नं 06, राजगढ, चूरू | आवासीय | 334.82 वर्गमीटर | 69-क |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका राजगढ (चूरू)**



राजस्थान सरकार
**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**

E-Mail : nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांकः–न.पा.बी / भूमि–शाखा / 2025–26 / 2176 दिनांक :– 08.10.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदकों ने आवासीय निर्माण स्वीकृति / नामान्तरण / उपविभाजन / कृषि भूमि से आवासीय पट्टा / 69–क पट्टा हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः आवेदनों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवे। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**पत्रावलियों का विवरण**

| क्र. स. | नाम | भूमि का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | आस–पास का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1. | श्री सांवर मल पुत्र श्री हुलास मल जाति दर्जी निवासी वार्ड न. 27 रामकृष्ण गौशाला के पास कस्बा बीदासर। | 451.67 (कृषि भूमि नियमन) | 99'.0'' | 99'.0'' | 57'.0'' | 51'.0'' |
| 2. | श्री बजरंगलाल नाई पुत्र श्री लिछमणाराम नाई व श्रीमती रीता देवी पत्नि श्री बजरंगलाल जाति नाई निवासी वार्ड न. 06 ढोलियों की बाडी कस्बा बीदासर। | 75.22 (कृषि भूमि नियमन) | 32'.06'' | 32'.03'' | 25'.0'' | 25'.0'' |
| 3. | श्रीमती प्रेमलता शर्मा पत्नि श्री कन्हैयालाल जाति शर्मा निवासी वार्ड न. 10 सिनेमा हॉल के पास कस्बा बीदासर। | 197.02 (69–क) | 26'.06'' | 26'.06'' | 80'.0'' | 80'.0'' |
| 4. | श्रीमती बजरंग देवी पत्नि श्री विजय सिंह जाति नाई निवासी वार्ड न. 04 सती माता मंदिर के पास कस्बा बीदासर। | 446.09 (69–क) | 80'.0'' | 80'.0'' | 60'.0'' | 60'.0'' |

राज.संवाद / सी / 25 / 11954 **अधिशाषी अधिकारी**



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**

E-Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in Fax &Phone: 01559-222039

क्रमांक-न.पा.रा./2025-26/4328 **(शहरी सेवा शिविर-2025)** दिनांक-13/10/125

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति / कृषि भूमि नियमन / खाँचा भूमि नियमन/स्टेटग्रान्ट एक्ट / 69ए हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो वह विज्ञिप्त प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **पट्टा नामांतरण** | | | |
| 1 | 833/18.08.2025 | श्री सन्दीप सोनी, श्री नरेन्द्र सोनी व दीपक सोनी पुत्रगण गज्जानन्द सोनी, वार्ड नं. 08, घण्टाघर के पास, राजगढ़, चूरू | व्यवसायिक | 61.15 वर्गमीटर | पट्टा नामातरंण |
| 2 | 800/30.05.2025 | श्री विक्रम सोनी पुत्र श्री देवीसिंह सोनी, वार्ड नं. 23, जोगी आश्रम के पास, राजगढ़, चूरू | आवासीय | 54.53 वर्गमीटर | पट्टा नामातरंण |
| 3 | 858/16.09.2025 | श्रीमती ममता देवी अग्रवाल किशनपुरिया पत्नी श्री नरेश कुमार, वार्ड नं. 30, राजगढ, चूरू | आवासीय | 110.07 वर्गमीटर | पट्टा नामातरंण |
| 4 | 859/16.09.2025 | श्री नरेश कुमार अग्रवाल किशनपुरिया पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण, वार्ड नं. 30, राजगढ, चूरू | आवासीय | 110.07 वर्गमीटर | पट्टा नामातरण |
| 5 | 873/29.09.2025 | श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद, वार्ड नं0 7, सादुलपुर (चूरू) | आवासीय | 139.34 वर्गमीटर | पट्टा नामातरंण |
| 6 | 861/12.08.2025 | श्रीमती प्रियंका पत्नी श्री विष्णु कुमार, वार्ड नं0 7, नया 09. मोहता चौक राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 186.18 वर्गमीटर | पट्टा नामातरंण |
| 7 | 834/19.08.2025 | श्रीमती वन्दना पत्नी स्व0 श्री मोहनलाल सैनी, वार्ड नं. 14, राजगढ, चूरू | व्यवसायिक | 24.52 वर्गमीटर | पट्टा नामातरण |
| | | **तामीर स्वीकृति** | | | |
| 1 | 644/11.03.2025 | श्रीमती अनू बानो पत्नी श्री रफीक मोहम्मद व रहिशा बानो पत्नी श्री अली मोहम्मद, वार्ड नं 19, राजगढ, चूरू | आवासिय | 28.45 वर्गमीटर | भवन निर्माण |

**(सीताराम मीणा)**
**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका राजगढ (चूरू)**



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**

E-Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in Fax &Phone: 01559-222039

क्रमांक-न.पा.रा./2025-26/4292 **(शहरी सेवा शिविर-2025)** दिनांक-09/10/125

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति / कृषि भूमि नियमन / खाँचा भूमि नियमन/स्टेटग्रान्ट एक्ट / 69ए हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो वह विज्ञिप्त प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.स. | पत्रावली संख्या | आवेदक का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | पत्रावली किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 31/19.09.2025 | श्री भावना पत्नी श्री प्रवीण, अनिता पत्नी विकास गोयल, वार्ड नं0 14. पुलिस थाने के सामने, राजगढ़ (चूरू) | व्यवसायिक | 219. 22 वर्गमीटर | 69-क |
| 2 | 2484/27.05.2025 | श्री ओमप्रकाश राजगढ़िया, पवन राजगढ़िया, राजू राजगढिया, गोविन्द राजगढ़िया पुत्रगण स्वं0 श्री दीपचन्द | आवासीय | 894.67 वर्गमीटर | 69-क |
| 3 | 12/12.09.2025 | श्रीमति ज्योति सैनी पत्नी श्री बालकिशन सैनी, वार्ड नं0 37, मौहल्ला- रामबास, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 336,75 वर्गमीटर | 69-क |
| 4 | 2471/28.03.2025 | श्री गणेश सैनी पुत्र श्री भानीराम सैनी, वार्ड नं0 22, पुराने वॉटर वर्क्स के पास, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 67.85 वर्गमीटर | 69-क |
| 5 | 84/03.10.2025 | श्री दलीप सिंह पुत्र स्व0 श्री मेघाराम, वार्ड नं0 01. नया 02, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 281. 65 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |
| 6 | 85/03.10.2025 | श्री सिद्धार्थ ढाका पुत्र श्री दलीप सिंह, वार्ड नं0 01, नया 02, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 281. 65 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |
| 7 | 86/03.10.2025 | श्रीमती सन्तोष पत्नी श्री दलीप सिंह, वार्ड नं0 01, नया 02, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 281. 65 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |
| 8 | 87/03.10.2025 | श्री अधीराज ढाका पुत्र श्री दलीप सिंह, वार्ड नं0 01, नया 02, राजगढ़ (चूरू) | आवासीय | 281. 65 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |
| 9 | 6640/04.06.2025 | श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री राकेश कुमार कुमावत, वार्ड नं0 38, वॉटर वर्क्स के पास, राजगढ़ (चूरू) | 244 (1234) | 185.78 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |
| 10 | 6641/04.06.2025 | श्री दुर्गा प्रसाद पुत्र श्री बनारसीलाल, वार्ड नं0 38, वॉटर वर्क्स के पास, राजगढ़ (चूरू) | 244 (1234) | 185.78 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |
| 11 | 6659/05.08.2025 | श्रीमती लक्ष्मी शर्मा पत्नी श्री सूर्यप्रकाश शर्मा, वार्ड नं0 14, मौहल्ला- एन.एच. 52 चूरू रोड, राजगढ़ (चूरू) | 1550/1551 | 263.67 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |
| 12 | 6660/05.08.2025 | श्रीमती लीलावती पत्नी श्री अन्जनी कुमार, वार्ड नं 14, मौहल्ला-एन.एच. 52 चूरू रोड़, राजगढ (चूरू) | 1550/1551 | 260. 10 वर्गमीटर | कृषि भूमि नियमन |

| क्र.स. | पत्रावली | नाम आवेदक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| | | **खांचा भूमि आंवटन आपति सूचना** | |
| 1 | 02/26.09.2025 | सुलोचना पत्नी श्री राधेश्याम डोकवेवाला, वार्ड नं0 11, श्याम मन्दिर के पास, राजगढ़ (चूरू) | 30.15 वर्गमीटर |

| क्र.स. | पत्रावली | भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/29.09.2025 | श्री सुमेर सिंह पुत्र श्री जयलाल, वार्ड नं0 13, तारानगर रोड़ के पास, राजगढ़ (चूरू) | 178.35 वर्गमीटर | आवासीय से व्यवसायिक |

**(सीताराम मीणा)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका राजगढ (चूरू)**


## सार-समाचार

### सर्व समाज की बैठक आयोजित

**पाटन** (निसं)। कस्बे के निकट ग्राम पंचायत दलपतपुरा में सोमवार को एक ऐतिहासिक सर्व समाज बैठक आयोजित की गई, जिसमें सामाजिक सुधार की दिशा में 11 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इन निर्णयों को सर्वसम्मति से तत्काल प्रभाव से लागू करने का संकल्प लिया गया। यह बैठक पूर्व में पनियाला में आयोजित गुर्जर समाज की महापंचायत में पारित प्रस्तावों के अनुरूप रही। बैठक की अध्यक्षता कर रहे दलपतपुरा सरपंच बलराम गुर्जर ने जानकारी दी कि यह पहल न केवल गुर्जर समाज, बल्कि पूरे सर्व समाज के उत्थान और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव समाज में सादगी, समानता और व्यर्थ खर्चों की रोकथाम के लिए जरूरी थे।पारित किए गए प्रमुख निर्णय इस प्रकार हैं। पहरावणी (चौकी) में अब केवल 101 का प्रतीकात्मक शगुन लिया/दिया जाएगा,मिलणी की परंपरा को पूर्ण रूप से समाप्त किया गया,लग्न टीका में भी 101 का ही लेन-देन तय किया गया,मृत्युभोज जैसे गंगोज, काज, सवामणी सहित पुत्र जन्म के भोज (छुछक) को बंद किया गया,शोक सभाओं में चाय, बिस्किट, लड्डू या कोल्ड ड्रिंक वितरण पर रोक,महिलाओं द्वारा सामाजिक अवसरों पर बर्तन बांटने की परंपरा खत्म की गई,विवाह में निज परिवार और थोक के अतिरिक्त केवल घरपति भोज का प्रावधान,भात न्योतने के लिए केवल बेटी और दामाद को बुलाने की सहमति,छठी की रात का आयोजन अब नहीं होगा,सामाजिक आयोजनों में डीजे बजाना व शराब की स्टाल पर पूर्ण प्रतिबंध,अनावश्यक खर्चों से बचाव कर प्रगतिशील और जिम्मेदार समाज का निर्माण लक्ष्य रखा गया है।सरपंच बलराम गुर्जर ने कहा कि यह निर्णय केवल सामाजिक दिखावे और आर्थिक बोझ को समाप्त करने के उद्देश्य से नहीं हैं, बल्कि यह समाज को नई दिशा देने के लिए जरूरी हैं।

### सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का हो रहा निस्तारण : नायक

**चूरू** (निसं)। राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित कर ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर में आमजन को मिल रही बेहतरीन सेवाओं की जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आयोग अध्यक्ष नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा चल रहे ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में शुरू किए गए इन सेवा शिविरों में बेहतरीन नागरिक सुविधाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को उनकी दहलीज पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है। इन शिविरों के माध्यम से जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें आवागमन में आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। यह शिविर सुगमता, पारदर्शिता व त्वरित सेवा वितरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। शिविरों के माध्यम से राजस्व, जाति व मूल निवास प्रमाण-पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन व नामांकन, पशु बीमा पॉलिसी व स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। नायक ने कहा कि आयोग द्वारा पात्र लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और प्रगति से अवगत करवाया।

### सी.एम. को ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने झुंझुनूं में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा व्यवस्था करवाए जाने की मांग को लेकर जिले के मंड्रेला कस्बे में हैलिपेड पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन दिया। भाजपा नेता चौहान ने बताया कि झुंझुनूं में कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार में लिप्त तथा कथित भूमाफिया किस्म के लोगों ने वक्फ बोर्ड की बेस कीमती जमीन को बेचा है। वक्फ संपत्तियों का इन लोगों द्वारा लंबे समय से दुरूपयोग किया जा रहा है और अपने आप को वक्फ बोर्ड कमेटी का सदस्य या पदाधिकारी बता कर वक्फ बोर्ड की संपत्ति का खुर्द बुर्द कर रहे है और अपने चहते लोगों का कब्जा करवा रहे है। चौहान ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि कांग्रेस राज में वक्फ संपत्ति को बड़े स्तर पर नुकसान पहुंचाने व उसका बेचान करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए और झुंझुनूं जिले में जिन जिन क्षेत्र में वक्फ संपत्ति स्थित हैं। उनका ड्रोन से सर्वे करवा शीघ्र तारबंदी करवाई जाए। ताकि तथाकथित लोग कब्जा ना करे।

### शिविर का 145 लोगों ने लाभ उठाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा स्वर्गीय अंजना भार्गव एवं कुशान भार्गव के स्मृति में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 145 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। डॉ. एसएन शुक्ला एवं डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन डॉ. उम्मेदसिंह, जयप्रकाश शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, महेश कुमार मूंड, राजेंद्रप्रसाद जोशी, रूपेश खेतान, डॉ. एसके भार्गव, सुमेरसिंह कर्णावत, देवेंद्र कुमार गौड़, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, सीताराम सैनी, रामगोपाल शर्मा, सुभाष जोशी, अकराज कुरैशी, बजरंगलाल अग्रवाल, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, पवन कुमार खेतान, भरत कुमार तुलस्यान, ओमप्रकाश ककरानिया, हरिशंकर खेतान, अंजनी पांडे एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### पोषण मेले का आयोजन किया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के अंबेडकर भवन में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहर चलो अभियान के तहत पोषण पखवाडा के अंतर्गत पोषण मेले का आयोजन महिला पर्यवेक्षक ऊषा टेलर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया गया। महिला पर्यवेक्षक ऊषा टेलर ने पोषण का महत्व एवं संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी महिलाओं को दी। मेले के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से पौष्टिक व्यंजनों की रेसिपी का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ता इंदु बाला, सुनीता यति, मैना, संतोष, मंजुला, सरोज, कुलविंदर कौर, सुनीता साहू, सुशीला,सविता, कमला भोजक, अनुराधा, मंजू, संपति, पप्पी देवी आदि उपस्थित थे।

### जरूरतमंद को व्हीलचेयर भेंट की

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर डॉ. एसके भार्गव के सौजन्य से एक जरूरतमंद दिव्यांग वाल्मिकी परिवार के व्यक्ति को उसके घर जाकर व्हील चेयर भेंट की। कार्यक्रम में डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका, प्रदीप कुमार शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद जोशी, नागरमल जांगिड, श्यामसुंदर जालान, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, महेश कुमार मूंड, सुभाष जोशी, सीताराम सैनी, मूलचंद एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को तंबाकू से दूर रहने व स्वच्छता की शपथ दिलाई

**सीकर,** (निसं)। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर द्वारा शिक्षा नगरी सीकर में अंतर-विद्यालयीय तकनीकी बोनांजा कनेक्टेक-2025 का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर यूईएम के वाइस चांसलर प्रोफेसर. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी, प्रो. रविंद्र मांजू, कृशानु बनर्जी, सुमन चक्रवर्ती, शुभदीप घोष, प्रोफेसर. पिनाकी करमाकर तथा नगर परिषद सीकर से राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी,

■ **'युवाओं को तंबाकू से सुरक्षित रखना मुख्य उद्देश्य'**

तकनीकी चित्रकला, गणित एवं सामान्य ज्ञान जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को यूनिवर्सिटी की ओर से नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर यूईएम से श्याम प्रताप सिंह, महेश चौधरी, नगर परिषद सीकर से राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी, बाबूलाल शर्मा, प्रद्युम्न सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। नगर परिषद सीकर के राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रखना तथा तंबाकू विक्रेताओं को लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को नियंत्रित कर शहर को तंबाकू मुक्त बनाना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे इस दिशा में प्रशासन का सहयोग करें ताकि सीकर को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ समाज का आदर्श शहर बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को नशे की लत से बचाने और शिक्षा नगरी की पहचान को सुरक्षित बनाए रखने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और अतिथियों ने तंबाकू मुक्त शहर एवं स्वच्छता की शपथ ली। इस आयोजन को सीकर में तंबाकू मुक्त स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम एवं मील का पत्थर माना जा रहा है।

# नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी

**सादुलपुर,** (निसं)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देशभर में आयोजित नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर आधारित लाइव प्रसारण कार्यक्रम से सोमवार को पुलिस प्रशासन एवं शहर के लोगों ने जुड़कर नए कानून की जानकारी प्राप्त की।

शाम चार बजे दी जानकारी के अनुसार इस दौरान अमित शाह ने नई संहिताओं से संबंधित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और देशभर के पुलिस अधिकारियों व नागरिक प्रतिनिधियों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम पुलिस थाना परिसर में आयोजित किया गया। लाइव प्रसारण के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों से न्याय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और पीडित केंद्रित बनेगी। उन्होंने बताया कि यह बदलाव देश की न्याय व्यवस्था में एक ऐतिहासिक सुधार साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में भी नई कानूनी संहिताओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें उपस्थित लोगों को इन कानूनों के मुख्य बिंदुओं, अधिकारों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

# दीपावली का त्योहार आपस में सभी मिलजुल कर मनाएं : उपखंड अधिकारी

**राजलदेसर** (निसं)। थाना परिसर में आगामी दीपावली के पावन पर्व को लेकर शांति समिति सीएलजी की बैठक रतनगढ़ उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें तहसीलदार हरदीप सिंह, थाना प्रभारी कमलेश सैनी, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर कपिल गुर्जर, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा, जलदाय विभाग विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता आदि के सानिध्य में मीटिंग आयोजित की गई।

मीटिंग में दीपावली के पावन पर्व को लेकर उपस्थित सदस्यों से सुझाव मांगे गए जिसमें सभी सदस्यों ने सफाई व्यवस्था, रोशनी व्यवस्था, इसके अलावा यातायात व्यवस्था , साथ ही चिकित्सा व्यवस्था आदि को लेकर सभी ने अपने-अपने व्यक्तिगत सुझाव दिए गए जिसको लेकर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि दीपावली से

■ **शांति समिति सीएलजी की बैठक आयोजित**

पूर्व पूरी तैयारी कर ली जाएगी । साथ ही थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने कहा कि अवैध रूप से पटाखे बेचने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। इसके लिए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा एक उड़न दस्ता टीम का गठन किया गया है। उस टीम के द्वारा जो भी अवैध रूप से पटाखे बेचता है उन पर तुरंत मुकदमा किया जाएगा । इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा तीन दिन कस्बे के मुख्य बाजार में वनवे कर दिया जाएगा। साथ ही दो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगा दी जाएगी। इसके अलावा विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने कहा कि कहीं भी झूलते तार हो तो इसकी मेरे को सूचना दे एवं नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता ने कहा जहां पर विद्युत पोल पर लाइट नहीं है वहां पर दीपावली से पहले लगाने की पूरी कोशिश की जाएगी।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने कहा कि दीपावली का त्योहार सभी आपस में मिलजुल कर मनाएं एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर उपस्थित व्यापार मंडल के अध्यक्ष विष्णु स्वामी, विक्रम शर्मा,कालूराम तंवर, मोहम्मद जब्बार खोखर, मोहम्मद शरीफ, शिवरतन मारू, नवाब निर्वाण, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंडित देवकीनंदन दाधीच, भगवानदास स्वामी, निर्मल सैनी टेंट वाला, कमला प्रजापत नगर पालिका के अर्जुन सिंह नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता व अशोक गुर्जर सहित पुलिस के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्त झुंझुनूं को लेकर जागरूकता रैली निकाली

**झुंझुनूं,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के कार्यक्रमों की शृंखला के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के जरिए बाल विवाह जैसे सामाजिक अभिशाप के खिलाफ आमजन को जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त झुंझुनूं का संदेश दिया गया।

जागरूकता रैली परमवीर शहीद पीरूसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। रैली को महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला और भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, महिला पुलिसकर्मी, शहर की महिलाएं और बालिकाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। रैली के दौरान बाल विवाह एक अभिशाप है और बाल विवाह मुक्त झुंझुनूं जैसे नारे गूंजते रहे। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए आमजन में जनजागृति आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के कार्यक्रमों के तहत यह रैली आयोजित की गई है। वहीं भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है और इससे समाज के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को इस कुप्रथा से दूर रहने का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहले समाज को सही दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी।

**अमृता हाट के तहत कार्यक्रम, अन्य प्रतियोगिताएं भी हुई:-** जागरूकता रैली का आयोजन एक मैराथन के रूप में जिला मुख्यालय के शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चल रहे अमृता हाट के तहत किया गया था। इस मौके पर जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह व मंजू मील आदि मौजूद थी। वहीं दोपहर को अमृता हाट में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें चेतन प्रथम, सुनीता द्वितीय एवं प्रीति तृतीय स्थान पर रही। विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि सोमवार शाम को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अमृता हाट में बेटी जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बिना पवन, वंशिका सुरेंद्र, अंशु कमलेश, वामिका मुकेश, सुमन संदीप को जिला प्रशासन एवं विभाग की ओर से बेटी जन्म पर बधाई पत्र एव बेबी किट का वितरण किया गया। वहीं इस दौरान जन्म दिवस पर रावी सुरेंद्र कडवासरा से केक कटिंग भी करवाई गई।

इस दौरान अतिथि के रूप में अमिता गेट बाल विकास परियोजना अधिकारी, डॉ. श्रेया कुलहरि, अंजू कस्वां, मनीराम मंडीवाल, पूजा, उषा कुलहरि, सरिता, ममता, सुनीता, सौरव उपस्थित रहे। उप निदेशक न्यौला ने बताया कि मंगलवार को दोपहर में नींबू रेस व शाम अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।